फुल्टन काउंटी स्कूल्स के परिवारों के लिए

प्रस्तुत है

क्लासवाइज़

CLASSWIZE

क्लासवाइज़ क्या है?

क्लासवाइज़ एक स्क्रीन मॉनिटरिंग सॉफ़्टवेयर है जो डिजिटल विकर्षण को कम करने में शिक्षकों की सहायता करता है।

क्लासवाइज़ शिक्षकों को स्कूल द्वारा दिए गए सभी कंप्यूटरों पर फुल-स्क्रीन विज़िबिलिटी प्रदान करता है। शिक्षक छात्रों की ऑनलाइन गतिविधियों को देखने के साथ ही उन्हें प्रबंधित करने में भी सक्षम हो जाते हैं, जिससे कक्षा को निर्देशों और छात्रों के अधिगम पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर मिलता है। क्लासवाइज़ के साथ, शिक्षक अधिक व्यक्तिगत सहायता प्रदान कर सकते हैं, सहभागिता को बढ़ावा दे सकते हैं और सभी छात्रों के लिए एक सुरक्षित डिजिटल शिक्षण माहौल तैयार कर सकते हैं।

मुख्य विशेषताएँ

01 कक्षा में वेबसाइट पहुंच को नियंत्रित करता है

02 यूट्यूब विकर्षण को प्रबंधित करता है

03 छात्र गतिविधि की रिपोर्ट तैयार करता है

04 छात्रों से संवाद करता है

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

क्या मुझे अपने छात्र की डिजिटल गतिविधियों तक पहुँच प्राप्त होगी या क्या मैं यह देख पाऊँगा कि वे कक्षा में क्या कर रहे हैं?

परिवारों को क्लासवाइज़ अकाउंट तक सीधी पहुँच प्राप्त नहीं है। हालाँकि, एक शिक्षक आपके छात्र की प्रगति और सहभागिता पर जानकारी प्रदान कर सकता है।

अगर मुझे अपने छात्र की डिजिटल गतिविधियों या ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में चिंता है तो मुझे क्या करना चाहिए?

कृपया अपने स्कूल के एडमिनिस्ट्रेशन से संपर्क करें। वे आपकी परेशानियों का समाधान करने और आपका मार्गदर्शन करने में सक्षम होंगे।

कौन से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस क्लासवाइज़ के साथ सुसंगत हैं?

सिर्फ़ फुल्टन काउंटी स्कूल्स द्वारा प्रदान किए गए कंप्यूटर ही क्लासवाइज़ के साथ सुसंगत हैं। क्लासवाइज़ आईपैड या निजी कंप्यूटर पर काम नहीं करता है।

क्या घर पर भी मेरे बच्चे के डिवाइस की निगरानी की जायेगी?

डिवाइस की निगरानी सिर्फ़ स्कूल के समय के दौरान ही की जाएगी।

* अगर आप किसी दूसरी भाषा में इस दस्तावेज़ का अनुवाद चाहते हैं, तो कृपया districtlanguageassistance@fultonschools.org पर हमें एक ईमेल भेजें।

Fulton County Schools
Where Students Come First